आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 21.03.2025 समय: 2.10 PM

अन्नपूर्णा देवी - दुष्कर्म टिप्पणी

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नापूर्णा देवी ने आज दुष्कर्म के एक प्रयास के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की टिप्पणी पर आपत्ति जताई है। उन्होंने इस टिप्पणी को अनुचित कहा है। श्रीमती अन्नापूर्णा देवी ने कहा कि इस प्रकार की टिप्पणी समाज को गलत संदेश देगी। संसद के बाहर मीडिया से बातचीत में श्रीमती अन्नापूर्णा देवी ने कहा कि इससे, गलत मानसिकता को बढ़ावा मिलेगा।

विधानसभा कार्यवाही

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आज आठवां दिन है। आज कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस विधायकों ने कानून व्यवस्था का मामला उठाया। सेमरिया से कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने प्रश्नोत्तर काल के दौरान अपने और बेटे पर दर्ज केस को लेकर कहा कि उनका चुनाव लड़ना अपराध हो गया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि विधायक नारायण सिंह पट्टा के साथ भी ऐसे ही घटना हो चुकी है। जो अच्छा करे उसे सजा नहीं मिलनी चाहिए, लेकिन जो गलत करे उसे सजा मिलनी चाहिए। कांग्रेस विधायक मंत्री बाला बच्चन ने कहा कि ये सब सरकार के संरक्षण में हो रहा है। गृह विभाग से जुड़े सवालों के जवाब देते हुए मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि परिवार से जुड़ा मसला हो तो केस के निराकरण के लिए दूसरे रास्ते हो सकते हैं।

लोकसभा टीबी

सरकार ने कहा है कि भारत इस वर्ष टीबी मुक्त राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश में टीबी की घटनाऐं 2015 में प्रति लाख 237 से घटकर 2023 में 195 प्रति लाख हो गई है। ये वैश्विक कमी से दोगुनी से भी अधिक है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि 2015 की

तुलना में 2023 में टीबी के कारण होने वाली मौतों में भी 21 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है।

डाउन सिंड्रोम दिवस

विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस आज मनाया जा रहा है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष विश्व भर में मनाया जाने वाला एक कार्यक्रम है। डाउन सिंड्रोम न्यूरो विकास संबंधी एक डिसऑर्डर है। यह डिसऑर्डर व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रभावित कर सकता है। यह डिसऑर्डर एक व्यक्ति के लिए सामाजिक मेल-जोल और सम्पर्क को चुनौतीपूर्ण बनाता है।

मौसम

प्रदेश में 3 सिस्टम सक्रिय होने से मौसम पूरी तरह से बदल गया है। कई शहरों में गर्मी के दिनों में ओले, बारिश और आंधी वाला मौसम है। भोपाल, सागर, सीहोर, रीवा समेत 20 से ज्यादा जिलों में मौसम कल भी बदला रहा। कहीं ओले गिरे तो कहीं तेज आंधी चली और हल्की बारिश हुई। भोपाल में भी बादल छाए रहे और बूंदा बांदी हुई. आज भी ऐसा ही मौसम बना रहेगा। सिंगरौली और मंडला में आज गरज-चमक के साथ बारिश हुई। 24 घंटों के दौरान मंडला में 1 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डिंडौरी में बूंदाबांदी हो रही है।

समाचार संक्षेप में...

1. नर्मदापुरम में खेलों के माध्यम से जेलों में बंद कैदियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के विकास के लिए प्रिजन टू प्राईड कार्यक्रम केन्द्रीय जेल में आयोजित किया गया।
2. गुना जिले के राघौगढ़ स्थित जेपी यूनिवर्सिटी में आज एक छात्र ने होस्टल की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली।
3. शिवपुरी जिले के किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीक और नवाचारों से जोड़ने के लिए कल किसान मेले का आयोजन किया गया।
4. छिंदवाड़ा में रेत के अवैध परिवहन पर कल कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने 61 हजार 250 रुपए का जुर्माना करते हुए वाहन राजसात किया है।
5. रायसेन नगर के देवी मंदिरों में महिलाओं द्वारा मंदिरों में पहुंचकर माता शीतला की विशेष पूजा अर्चना की गई।

6. छतरपुर जिले में निम्न प्रगति वाली पंचायतों एवं निकायों में पीसीओ, एडीईओ, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाडी और 70 वर्ष से ऊपर के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए ड्यूटी लगाने के निर्देश जारी किए हैं. और

7. इंदौर जिले में गर्मी में जल प्रबंधन को देखते हुए कलेक्टर ने को जल अभावग्रस्त घोषित किया है।